आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 02.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन किया। कहा– वह दिन दूर नहीं जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी।
- केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे के विकास के लिए राज्य सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड के बीच समझौता हुआ।
- प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया।
- चम्पावत जिले के लोहाघाट में ''पोषण भी–पढ़ाई भी'' अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण।

**प्रधानमंत्री/सेमीकॉन इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है और भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। नई दिल्ली में यशोभूमि में आज सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2021 से स्वीकृत 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में 18 बिलियन डॉलर का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगा और जिस गति से भारत आगे बढ़ रहा है, उससे देश इस बाजार में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल कर लेगा।

तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर निर्माण को गति प्रदान करना है।

**समझौता**

पर्वतमाला परियोजना के तहत केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे के विकास के लिए राज्य सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड–एन.एच.एल.एम.एल के बीच आज सचिवालय में समझौता हुआ। इसके तहत इक्विटी भागीदारी में एन.एच.एल.एम.एल की 51 प्रतिशत और राज्य सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। राजस्व साझेदारी के तहत 90 प्रतिशत धनराशि, उत्तराखण्ड में पर्यटन, परिवहन और गतिशीलता के क्षेत्र में व्यय की जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह समझौता प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के साथ ही पर्यटन, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढ़ाचे के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य में रोपवे कनेक्टिविटी के विस्तार में नए आयाम स्थापित करने के साथ ही राज्य की

अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, राज्य मंत्री, अजय टम्टा ने कहा कि इन रोपवे के बन जाने के बाद श्रद्धालुओं को केदारनाथ और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करने में काफी सुगमता होगी। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह समझौता राज्य में पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन रोपवे के निर्माण के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों की आर्थिकी और रोजगार में वृद्धि होगी।

## मसूरी गोलीकांड श्रद्धांजलि

मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर शहीद स्मारक मसूरी में आज आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 2 सितंबर 1994 का दिन राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। इस दिन मसूरी की वीरभूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस की गोलियों का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गढ़वाल सभा भवन जल्द बनाने और सिफन कोर्ट का मामला जल्द हल करने की बात कही। साथ ही मसूरी में वेंडर जोन की घोषणा सहित अन्य मांगों पर भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश के कारण जन–जीवन प्रभावित हो गया है। पर्वतीय इलाकों में बारिश और भूस्खलन से कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई सम्पर्क मार्ग बाधित हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित प्रशासन की ओर से मार्गों को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश की प्रमुख नदियों के जल स्तर में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बारिश के मद्देनजर शासन–प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बागेश्वर जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्र पौसारी में राहत व बचाव कार्य लगातार जारी हैं। अब तक मलबे से तीन शव बरामद किए जा चुके हैं। प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने राहत राशि के आवंटन के साथ विस्थापन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वहीं, रुद्रप्रयाग जिले के आपदा प्रभावित बसुकेदार क्षेत्र में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें लगातार लापता लोगों की खोजबीन में जुटी हैं। प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को बहाल कर दिया गया है। चम्पावत जिले में मलबे से घरों और खेत–खलिहान को नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के कारण जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर–बनबसा में जलभराव वाले परिवारों को जिला प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, बागेश्वर, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिलों के कुछ स्थानों में आज भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

**<u>मुख्यमंत्री जायजा</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार के लक्सर में अतिवृष्टि से हुए जलभराव और भू–कटाव वाले क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। भारी बारिश के बीच ट्रैक्टर से ग्रामीण इलाकों तक पहुँचकर मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और प्रभावितों से बातचीत कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को तेजी से करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

**<u>पोषण भी पढ़ाई भी</u>**

चम्पावत जिले के लोहाघाट में ''पोषण भी–पढ़ाई भी'' अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में चम्पावत और लोहाघाट की 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भाग ले रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस खाती ने बताया इसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के समग्र विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जागरूक करना है।

**<u>तीलू रौतेली पुरस्कार</u>**

प्रदेश के प्रतिष्ठित तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए 13 महिलाओं का चयन किया गया है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए इस साल प्रदेशभर से 13 महिलाओं का चयन किया गया है। इसके अलावा 33 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पुरस्कार दिया जाएगा। यह आयोजन आगामी चार सितंबर को देहरादून में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी सामर्थ्य से बढ़कर काम कर रही हैं और उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कई नए आयाम खड़े किए हैं। श्रीमती आर्या ने कहा कि इन सभी महिलाओं को सशक्त करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का असली काम हमारी आंगनबाड़ी बहने करती हैं और उन्हें इसका श्रेय मिलना चाहिए।